भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 666

05 दिसम्बर, 2025 को उत्तरार्थ

विषय: पीकेवीवाई, पीएम-केएमवाई और एफपीओ के अंतर्गत किसानों को शामिल किया जाना

666: श्री संदोष कुमार पी

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 31 अगस्त, 2025 की तिथि तक भारत में परम्परागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई), प्रधानमंत्री किसान मान-धन योजना (पीएम-केएमवाई) और किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) के अंतर्गत शामिल किए गए किसानों की संख्या क्या है;

(ख) 31 अगस्त, 2025 की तिथि तक देश में गठित एफपीओ की राज्य-वार संख्या कितनी है; और

(ग) राज्यों में किसानों के असमान कवरेज के कारण और इस योजना में किसानों की एक समान पहुँच और भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उठाए जा रहे कदम क्या हैं?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क): भारत में परंपरागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई), प्रधान मंत्री किसान मान-धन योजना (पीएम-केएमवाई) और किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) के तहत कवर किए गए किसानों की संख्या इस प्रकार है:

योजना का नाम	कवर किए गए किसानों की संख्या
पीकेवीवाई (31.08.2025 तक)	28.35 लाख
पीएम-केएमवाई (31.08.2025 तक)	24.89 लाख
10,000 एफपीओ का गठन और संवर्धन (30.08.2025 तक)	45.60 लाख

(ख): 10,000 किसान उत्पादक संगठनों के गठन और संवर्धन योजना के तहत पंजीकृत राज्य-वार एफपीओ का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ग): 10,000 एफपीओ योजना के अंतर्गत, देश के सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में एफपीओ का गठन किया जा चुका है। अधिकाधिक किसानों और भौगोलिक क्षेत्र को कवर करने के लिए, एफपीओ के अंतर्गत शेयरधारकों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।

अनुबंध-I

10,000 एफपीओ योजना के तहत पंजीकृत राज्य-वार एफपीओ का ब्यौरा		
क्र.सं.	राज्य	पंजीकृत एफपीओ की संख्या
1	अंडमान और निकोबार	7
2	आंध्र प्रदेश	716
3	अरुणाचल प्रदेश	171
4	असम	429
5	बिहार	696
6	छत्तीसगढ़	232
7	दादरा और नगर हवेली	1
8	दमन और दीव	1
9	गोवा	8
10	गुजरात	426
11	हरियाणा	177
12	हिमाचल प्रदेश	180
13	जम्मू और कश्मीर	330
14	झारखंड	367
15	कर्नाटक	351
16	केरल	176
17	लद्दाख	23
18	लक्षद्वीप	2
19	मध्य प्रदेश	642
20	महाराष्ट्र	589
21	मणिपुर	78
22	मेघालय	67
23	मिजोरम	49
24	नागालैंड	88
25	ओडिशा	471
26	पुडुचेरी	6
27	पंजाब	152
28	राजस्थान	589
29	सिक्किम	15
30	तमिलनाडु	464
31	तेलंगाना	617
32	त्रिपुरा	59
33	उत्तर प्रदेश	1276
34	उत्तराखंड	162
35	पश्चिम बंगाल	383
कुल योग		10000

*****